To,

**The BSE Limited**
Listing Department
25th Floor, P J Towers,
Dalal Street,
Mumbai-400001, MH

**Date**: 20th May, 2025

**Scrip Code: 532829**

**Sub: Newspaper Advertisement for Audited Financial Results of the Company for Quarter and Year ended 31st March, 2025 under Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.**

Dear Sir/Madam,

As required under Regulation 30 and 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed newspaper advertisement regarding Audited Financial Results of the Company for Quarter and Financial Year ended 31st March, 2025 published in following newspapers on 20th May, 2025:

- *Nafa Nuksan (Hindi)*
- *Business Remedies (Hindi)*
- *Financial Express (English)*


This is for your information and record.
Thanking You

Yours faithfully,
*for* **Lehar Footwears Limited**

RITIKA PODDAR Digitally signed by RITIKA PODDAR Date: 2025.05.20 11:13:08 +05'30'

**Ritika Poddar**
Company Secretary & Compliance Officer
ACS No. A65615

# EV के बाद Hybrid हो रही हॉट




**Fuel Dynamics**

| Fuel | 2024 | 2028 |
|---|---|---|
| Petrol | 64.20 | 56.00 |
| Diesel | 17.20 | 10.00 |
| CNG | 14.30 | 18.00 |
| EV | 2.15 | 8.00 |
| Hybrid | 2.15 | 8.00 |

Source: ICRA

**Strong Hybrid FY 25**

| Company | Unit Sales | %Share |
|---|---|---|
| Toyota | 67883 | 82 |
| Maruti | 13829 | 17 |
| Honda | 987 | 1 |
| Total | 82699 | 100 |

Source: Jato Dynamics

**जयपुर@ऑटो डेस्क**

पिछले साल जब यूपी सरकार ने हाइब्रिड कारों को सब्सिडी दी थी तो होंडा, मारुति और टोयोटा को छोड़कर बाकी कंपनियों ने मोर्चा खोल दिया था। हाल ही दिल्ली सरकार की ईवी पॉलिसी में हाइब्रिड्स को भी शामिल करने पर भी ऐसे ही विरोध के सुर सुनाई दिए थे। लेकिन दिग्गज कार कंपनी ह्यूंदे अब फिर से ड्रॉइंग बोर्ड पर है और ग्रोथ प्लान के लिए जापानी कंपीटिटर की ही तरह मल्टी-पावरट्रेन के साथ आगे बढ़ना चाहती है जिनमें पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और ईवी के साथ ही...हाइब्रिड भी शामिल हैं। जबकि ह्यूंदे की सैकंड बेस्ट सैलर पोजिशन के लिए बड़े चैलेंज बन गए टाटा और महिन्द्रा फुल स्टीम से ईवी ट्रेक पर बढ़ रहे हैं।

हाल ही क्रेटा ईवी लॉन्च करने वाली ह्यूंदे भारत में स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड ईवी लॉन्च करना चाहती है। कंपनी के ग्लोबल पोर्टफोलियो में सांता-फे, टक्सन, कोना और इलांट्रा जैसे नीश मॉडलों में हाइब्रिड वेरिएंट शामिल हैं। वहीं प्लग-इन हाइब्रिड लाइन-अप में आयोनिक सीरीज शामिल है। आपको जानते हैं मल्टी-पावरट्रेन को लेकर सबसे पावरफुल वॉइस टोयोटा की रही है और इसकी जोड़ीदार मारुति ने भी इसी एप्रोच को सपोर्ट किया है।

ह्यूंदे भारत में अपनी दरक रही पोजिशन को फोर्टिफाई करने के लिए अगले पांच साल में बड़े लॉन्च के साथ आगे बढ़ रही है। कंपनी ने कहा है कि वह 2029-30 तक भारत में 26 मॉडल लॉन्च करेगी। यानी हर तिमाही में कम से कम एक नई कार भारत में ह्यूंदे लॉन्च करेगी, जिसमें से 8 कारें तो अगले साल ही आनी है।

वाहन पोर्टल के डेटा के अनुसार माइल्ड, स्ट्रॉन्ग और प्लग-इन हाइब्रिड मिलाकर देश में पिछले वर्ष हाइब्रिड कारों की कुल सेल्स 7 परसेंट ग्रोथ के साथ 3.55 लाख यूनिट रही जबकि इलेक्ट्रिक कारों की 18 परसेंट ग्रोथ के साथ 1,07,645 यूनिट है।

बात सिर्फ भारत की नहीं है। ग्लोबल मार्केट में भी ईवी के बजाय हाइब्रिड ट्रेंड पर हैं। अमेरिका और ईयू में वर्ष 2024 में हाइब्रिड वेहीकल्स की सेल्स ईवी से अधिक रही थी। होंडा और टोयोटा को हाइब्रिड टेक्नोलॉजी का पायोनीयर माना जाता है और इन्होंने अमेरिका में 60 के दशक के फ्यूल क्राइसिस के दौरान इस टेक्नोलॉजी को लॉन्च किया था।

इक्रा की रिपोर्ट कहती है कि वित्त वर्ष 25-वित्त वर्ष 30 के बीच पीवी सेल्स लगभग 6 परसेंट सीएजीआर के साथ 57.5 लाख यूनिट्स तक पहुंच जाएगा।

वर्तमान में हाइब्रिड कारों पर 28 परसेंट जीएसटी लगता है जबकि ईवी पर केवल 5 परसेंट। यदि इसमें सरचार्ज आदि मिला दिया जाए तो हाइब्रिड वेहीकल्स पर कुल 43 परसेंट टेक्स लगता है।

ऑटोमोटिव एनालिटिक्स और कंसल्टिंग फर्म जाटो डायनामिक्स के डेटा के अनुसार ईवी सेल्स 2023 में 95,859 यूनिट से बढ़कर 2024 में 1,13,441 यूनिट हो गई। इसी अवधि के दौरान, हाइब्रिड वाहनों (हाइब्रिड और प्लग-इन हाइब्रिड) की सेल्स भी बढ़ी।

इक्रा की टेबल देखने से पता चलता है कि 2028 तक भारत में हाइब्रिड पैसेंजर वेहीकल्स की सेल्स 2.15 से बढ़कर 8 परसेंट हो जाएगी।

जाटो डायनामिक्स का डेटा कहता है कि पिछले वित्त वर्ष में भारत में स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड्स की कुल सेल्स 82669 यूनिट्स रही जिसमें 82 परसेंट शेयर टोयोटा का था।



## होंडा की रिबेल 500 इंडिया में लॉन्च...

**होंडा** इंडिया ने रिबेल 500 की बुकिंग शुरू कर दी हैं और डिलिवरी जून से मिलने लगेंगी। होंडा रिबेल 500 सीसी में क्लासिक क्रूजर बाइक है जिसका फ्यूल टैंक ऊंचा है। इसमें दो सिलिंडर का 471 सीसी इंजन है जो 46 बीएचपी पावर और 43.3 एनएम टॉर्क जेनरेट करता है। इस लिक्विड कूल्ड इंजन के साथ 6-स्पीड गियरबॉक्स दिया गया है। रिबेल 500 एलसीडी इंस्ट्रूमेंट पैनल से लैस है। होंडा रिबेल 500 के फ्रंट में टेलीस्कोपिक और रियर में डबल सस्पैंशन दिया गया है। फ्रंट ब्रेक 296 मिमी और रियर मं 240 मिमी डिस्क है। साथ ही डबल-चैनल एबीएस दिया गया है।

## ऑटो ब्रीफ

### चीन में तेजी से बढ़ेगा ईवी ट्रक का शेयर : सीएटीएल

**बीजिंग@एजेंसी।** मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चीन में भारी ट्रकों की सेल्स में ईवी का शेयर 2028 तक 50 परसेंट तक पहुंच जाने का अनुमान है। दुनिया की सबसे बड़ी ईवी बैटरी मैन्युफैक्चरर सीएटीएल ने कहा है कि वर्ष 2024 में हेवी ट्रक्स में ईवी का शेयर 10 परसेंट था। सीएटीएल के चेयरमैन जेंग युकुन ने हाल ही हेवी ट्रक्स के लिए बैटरी स्वैपिंग (बैटरी बदलने) का सिस्टम लॉन्च होने के मौके पर यह बात कही। चीन के हेवी ट्रक मार्केट में एलएनजी का शेयर अच्छा-खासा है। ऐसे में युकुन के इस बयान को चीन के हेवी ट्रक मार्केट में होने वाले कायापलट के रूप में देखा जा रहा है। सीएटीएल ने कहा है कि उसने शेंडोंग में 60 गीगावाट-घंटे की ईवी एनर्जी स्टोरेज कैपेसिटी और ईवी बैटरी मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी लॉन्च की है। यह अगले दो वर्षों में परियोजना का दूसरा और तीसरा फेज़ लॉन्च हो जाएगा। शेंडोंग की सरकार 2025 के अंत तक ईवी बैटरी इंडस्ट्री में 14 बिलियन डॉलर के इंवेस्टमेंट का टार्गेट लेकर चल रही है। जिसमें इलेक्ट्रोड, इलेक्ट्रोलाइट्स, बैटरी सेल और असेंबली सामग्री शामिल हैं।

### टाटा मोटर्स ने प्रमुख नेशनल हाईवे पर 10 मेगाचार्जर स्टेशन स्थापित किए

**मुंबई@एजेंसी।** टाटा मोटर्स की इलेक्ट्रिक वाहन सहायक कंपनी टाटा.ईवी ने चार्जज़ोन और स्टैटिक की मदद से अपने पहले 10 टाटा.ईवी मेगाचार्जर को लॉन्च किया है। कंपनी का वर्ष 2027 तक देश में 40 हजार चार्ज पॉइंट शुरू करने के प्लान का हिस्सा है।

टाटा.ईवी ओपन कोलैबोरेशन फ्रेमवर्क के माध्यम से भारत में इलेक्ट्रिफिकेशन के अगले चरण को आगे बढ़ाना चाहती है। इस रणनीतिक पहल ने कई चार्ज पॉइंट ऑपरेटरों (सीपीओ) और ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) के साथ पार्टनरशिप की है जिसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण स्थानों, विशेष रूप से प्रमुख राजमार्गों पर चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करने में मदद मिली है। इन मेगाचार्जर के जरिए कंपनी का मकसद लॉन्ग डिस्टेंस ट्रेवल के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को सक्षम करना है। मेगाचार्जरों को प्रमुख नेशनल हाईवे और अर्बन हॉटस्पॉट्स पर स्थापित किया गया है। कंपनी देश में ऐसे 500 मेगाचार्जर स्थापित करने का टार्गेट लेकर चल रही है। ये मेगाचार्जर स्टेशन 120 से 400 किलोवॉट की अल्ट्रा-फास्ट रेंज के हैं। मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर वडोदरा साइट पर एक साथ छह ईवी को चार्ज किया जा सकता है और यहां केवल 15 मिनट में 150 किमी तक की ड्राइव रेंज लायक चार्जिंग मिल सकती है।

कंपनी ने मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर वडोदरा, वापी और घोड़बंदर में मेगाचार्जर स्थापित किए हैं। इसी तरह दिल्ली-जयपुर राजमार्ग 60 किलोमीटर के अंतराल पर चार चार्जर। पुणे-नासिक राजमार्ग, बेंगलुरु का इलेक्ट्रॉनिक सिटी और उदयपुर शहर में मेगाचार्जर लगाए गए हैं। इन पर यूजर को 24/7 कस्टमर सर्विस, टाटा ईवी यूजर के लिए प्रिविलेज, टाटा ईवी एप के माध्यम से एक्सेस और चार्जिंग टैरिफ पर छूट शामिल हैं। चुनिंदा स्टेशनों में टॉयलेट, कैफे और को-वर्किंग स्पेस भी मुहैया कराए गए हैं।

## वैरायटी

# कंज्यूमर डिमांड में चीन का कम नहीं हो रहा रिमांड

**नफा नुकसान रिसर्च**



ड्रेगन के देश चीन ने अमेरिका को झुका लिया और 90 दिन के लिए ट्रंप टैरिफ से राहत मिल गई। लेकिन चीन सरकार को सबसे बड़े चैलेंज से बाहर निकलने का रास्ता नहीं सूझ रहा। पिछले 8 महीने में शी जिनपिंग की सरकार इकोनॉमी को रिवाइव करने के लिए 279 बिलियन डॉलर का स्टिमुलस पैकेज दे चुकी है जिसमें से 41 बिलियन डॉलर तो अकेले कंज्यूमर स्पेंडिंग बढ़ाने के लिए हैं। लेकिन लेटेस्ट डेटा के अनुसार अप्रैल में रिटेल सेल्स में केवल 5.1 परसेंट की ही ग्रोथ हो पाई जबकि सरकार का 5.5 परसेंट ग्रोथ का अनुमान था। मार्च में रिटेल सेल्स में 5.9 परसेंट ग्रोथ हुई थी। दूसरी ओर इंडस्ट्रियल प्रॉडक्शन मार्च में 7.1 परसेंट और अप्रैल में 6.1 परसेंट बढ़ा।

इसका सीधा अर्थ है कि फैक्टरियां जितना प्रॉडक्शन कर रही हैं कंज्यूमर डिमांड उतनी नहीं है। यानी कंपनियों के हाथ में सरप्लस स्टॉक है। ऐसे में अमेरिका के साथ हुआ सीजफायर चीन के लिए गुडन्यूज से कम नहीं है। वर्ष 2025 के पहले चार महीनों में फिक्स्ड असैट्स (रियल एस्टेट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर) में इंवेस्टमेंट 4 परसेंट बढ़ा है।

चीन के नेशनल स्टेटिस्टिक्स ब्यूरो के अनुसार अप्रैल में चीन की रिटेल सेल्स स्लो पड़ गई यानी चीन के लिए चिंता कम नहीं हो रही है। टैरिफ वॉर छिड़ जाने के बावजूद अप्रैल में अर्बन जॉबलैस रेट मार्च के 5.2 परसेंट से घटकर 5.1 परसेंट रह गई। जबकि बड़े पैमाने पर बेरोजगारी फैलने की आशंका जताई जा रही थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रम्प ने अप्रैल से चीन से इंपोर्ट पर 145 परसेंट टैरिफ लगा दिया था। वहीं पलटवार करते हुए चीन ने अमेरिकी इंपोर्ट पर 125 परसेंट टैरिफ ठोक दिया था। नेशनल स्टेटिस्टिक्स ब्यूरो के प्रवक्ता फू लिंगहुई ने कहा कि चीन को अपने एक्सपोर्ट्स में विविधता लाने की जरूरत है। अमेरिका के साथ तनातना बढ़ जाने को देखते हुए अप्रैल में चीन ने आसियान के देशों को शिपमेंट बढ़ा दिए थे। अप्रैल में अमेरिका जाने वाले शिपमेंट 21 परसेंट गिरावट के साथ धाराशायी हो गए थे। कस्टम्स के डेटा के अनुसार वर्ष 2025 के पहले चार महीनों में अमेरिका को चीन का एक्सपोर्ट 2.5 परसेंट गिर गया।

फू ने कहा कि हालांकि टैरिफ वॉर थम जाने के कारण फिलहाल एक्सपोर्ट के मोर्चे पर राहत मिल सकती है लेकिन सबसे बड़ी चिंता लोकल डिमांड है। अप्रैल में देश में ऑटो सेल्स में फ्लेट ग्रोथ के साथ केवल 0.7 परसेंट ही बढ़ पाई। जबकि मार्च में ऑटो सेल्स 5.5 परसेंट बढ़ी थी। यह भी तब है जब सरकार कंज्यूमर एप्लायंस, ऑटोमोबाइल और स्मार्टफोन आदि की सेल्स बढ़ाने के लिए सब्सिडी दे रही है। मैक्वरी में चीन के चीफ इकोनॉमिस्ट लैरी हू के अनुसार देश के 70 बड़े शहरों में बने हुए घर की कीमतें पिछले नवंबर के बाद सबसे तेज गति से गिरीं।

नोमुरा ने अप्रैल में मजबूत ग्रोथ डेटा के आधार पर जून तिमाही के लिए चीन की जीडीपी ग्रोथ के पूर्वानुमान को 3.7 परसेंट से बढ़ाकर 4.8 परसेंट कर दिया, जबकि पूरे वर्ष के लिए ग्रोथ के पूर्वानुमान को 3.5 परसेंट से बढ़ाकर 3.7 परसेंट कर दिया। हालांकि नोमुरा ने कहा कि शॉर्ट टर्म में रिकवरी की उम्मीद होने के बावजूद रियल एस्टेट में मंदी और ट्रंप टैरिफ के कारण चीन की इकोनॉमी पर दोहरी मार पड़ने का रिस्क बहुत हाई है। हालांकि चीन को फिलहाल 90 दिन के लिए ट्रंप टैरिफ से राहत मिल गई है इसके बावजूद चीन पर अमेरिका की टैरिफ दर 40 परसेंट पर बनी हुई है, जो बाइडन के दौर की 11 परसेंट से काफी ज्यादा है। मई की शुरुआत में पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने सात-दिवसीय रिवर्स रेपो रेट को 1.5 से 1.4 परसेंट कर दिया है।

## टूरिस्ट्स गो बैक होम...




**भारत** में बायकॉट तुर्किए...बायकॉट अजरबैज़ान ट्रेंड पर हैं। लेकिन स्पेन के लोग टूरिस्ट्स से इतने तंग आ चुके हैं कि टूरिस्ट्स गो बैक के नारे लग रहे हैं। रविवार को स्पेन के कैनेरी आईलैंड पर हजारों लोकल्स ने जमा होकर मास टूरिज्म के खिलाफ प्रदर्शन किया। स्पेन के लोकल्स टूरिस्ट्स की रेलमपेल के कारण महंगे होते घर किराए और लोकल ट्रांसपोर्ट में भीडभाड़ से आजिज़ आ चुके हैं। यह मामला कितना बड़ा हो चुका है कि होमस्टे बुकिंग प्लेटफॉर्म एयरबीएनबी को सरकार के दबाव में 65 हजार से ज्यादा प्रॉपर्टीज को डीलिस्ट करना पड़ा है। इस प्रदर्शन में कुछ लोग तो ऐसे थे जो कह रहे थे कि टूरिस्ट्स के कारण पानी तक की किल्लत हो गई है। बड़ी तादाद में होटलों का लाइसेंस कैंसल किया जा रहा है या कन्स्ट्रक्शन के लिए एनओसी रिजेक्ट की जा रही है। कैनेरी आईलैंड की आबादी 22 लाख है और हर महीने यहां 10 लाख से ज्यादा टूरिस्ट पहुंचते हैं। ऐसे ही प्रॉटेस्ट स्पेन के मालोर्का, राजधानी बार्सिलोना और मलागा सहित अन्य बड़े टूरिस्ट्स प्लेस पर देखे जा रहे हैं। हालांकि एक लॉबी ऐसी भी है जो घर बनाने में सरकार की नाकामी की आलोचना करती है। हालात यहां तक कि देश के सिटी काउंसिल और रीजनल सरकारें एयरबीएनबी और बुकिंग डॉट कॉम आदि पर क्रेकडाउन कर रही हैं। टूरिस्ट की रेलमपेल के बीच घरों की कमी होने के कारण घरों के किराए बूते से बाहर हो चुके हैं।







लहर फुटवियर्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : ए-243 (ए), रोड़ न. 6, वीकेआई एरिया, जयपुर 302013, फोन : 0141-4157777 वेबसाइट : www.leharfootwear.com, ई-मेल : csco@leharfootwear.com, info@leharfootwear.com, सीआईएन : :L15209RJ1994PLC008196

31 मार्च 2025 को तिमाही व वर्ष समाप्ति के लिए अंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का सार

(रू. लाखों, में प्रति अंश को छोड़कर)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31.03.2025 (लेखापरीक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2024 (लेखापरीक्षित) | समाप्त वित्त वर्ष 31.03.2025 (लेखापरीक्षित) | समाप्त वित्त वर्ष 31.03.2024 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कुल आय (अन्य आय सहित) | 10956.94 | 3846.79 | 27748.00 | 19483.34 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध मुनाफा/(हानि) (कर, असामान्य तथा/या असाधारण मदों से पूर्व) | 648.31 | 161.65 | 1444.4 | 890.2 |
| 3. | अवधि के लिए कर पूर्व शुद्ध मुनाफा/(हानि) (असामान्य तथा/या असाधारण मदों के पश्चात) | 648.31 | 161.65 | 1444.4 | 890.2 |
| 4. | अवधि के लिए कर पश्चात शुद्ध मुनाफा/(हानि) (असामान्य तथा/या असाधारण मदों के पश्चात) | 504.15 | 122.22 | 1086.9 | 655.81 |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आमदनी (अवधि के लिए (कर पश्चात) मुनाफा/(हानि) युक्त) तथा अन्य व्यापक आमदनी (कर पश्चात)) | 466.8 | 123.3 | 1265.68 | 656.89 |
| 6. | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी | 1767.88 | 1767.88 | 1767.88 | 1767.88 |
| 7. | पिछले वर्ष की बेलेंसशीट के अनुसार रिजर्व, रीवेल्यूएशन रिजर्व के अलावा | 0 | 0 | 6703.76 | 5719.82 |
| 8. | प्रति शेयर आय (10/- प्रत्येक का) (जारी तथा स्थगित परिचालनों हेतु) बेसिक: (रुपये में) | 2.85 | 0.75 | 6.15 | 4.02 |
| | डायलूटेड: (रुपये में) | 2.85 | 0.75 | 6.15 | 4.02 |

टिप्पणियां:

(क) उपरोक्त तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है, जो सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनिमय, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर किया गया है। तिमाही व वर्ष समाप्ति वित्तीय परिणाम का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.leharfootwear.com पर उपलब्ध है। नीचे दिये गए क्यूआर कोड को स्केन करके इसे प्राप्त किया जा सकता है।

(ख) उपरोक्त वित्तीय परिणाम की समीक्षा लेखा परीक्षा समिति द्वारा की गई और निदेशक मंडल द्वारा 19 मई 2025 को हुई अपनी बैठक में अनुमोदन किया गया।

(ग) #- इंड-एएस नियम/एएस नियम, जो भी लागू हो, के अनुसार लाभ हानि खाते में असाधारण मद के आंकड़ों को समायोजित किया गया है।

स्थान : जयपुर
दिनांक : 19/05/2025

निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर से
लहर फुटवियर्स लिमिटेड
कृते/-
नरेश कुमार अग्रवाल (प्रबंध निदेशक)
DIN : 00106649

# टाटा पावर की टीपी सोलर ने सौर सेल और मॉड्यूल विनिर्माण में नया मानक स्थापित किया

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

टाटा पावर की सौर विनिर्माण कंपनी, टीपी सोलर ने कंपनी की अक्षय ऊर्जा विकास रणनीति के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में अपनी पहचान मजबूत की है। टीपी सोलर के तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में चलाए जा रहे अत्याधुनिक विनिर्माण कारखाने में वित्त वर्ष 25 में 3,291 मेगावाट सौर मॉड्यूल और 846 मेगावाट सौर सेल का विनिर्माण करके विनिर्माण का बड़ा-पड़ाव हासिल किया गया है।

यह प्लान्ट भारत की सबसे उन्नत एकीकृत सौर विनिर्माण इकाइयों में से एक है और घरेलू




सौर मूल्य श्रृंखला को मजबूत करके आयात पर निर्भरता को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वित्त वर्ष 25 में 5,337 करोड़ के रेवेन्यू पर 422 करोड़ का प्रभावशाली कर के बाद लाभ दर्ज किया है।

यह कारखाना अत्याधुनिक टनल ऑक्साइड पैसिवेटेड कॉन्टैक्ट और मोनो पैसिवेटेड एमिटर और रियर सेल तकनीकों से लैस है, जिसकी वजह से उच्च दक्षता वाले सौर सेल का विनिर्माण हो रहा है। इसमें बाइफेसियल मॉड्यूल तकनीक को भी एकीकृत किया गया है, जो पैनलों को आगे और पीछे दोनों सतहों से बिजली उत्पन्न करने के लिए सक्षम बनाकर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाता है, जिससे अधिकतम भूमि उपयोग और सिस्टम दक्षता होती है। प्लांट में बनाए जा रहे मॉड्यूल पूरी तरह से घरेलू सामग्री आवश्यकता के अनुरूप हैं, जो उपयोगिता और रूफटॉप सोलर में भारतीय सौर डेवलपर्स की जरूरतों को पूरा करते हैं और आत्मनिर्भर स्वच्छ ऊर्जा निर्माण के लिए राष्ट्रीय लक्ष्यों का समर्थन करते हैं। यू.एस. इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन ने तिरुनेलवेली कारखाने में 425 मिलियन के निवेश किए हैं।

## खेत सिंह राजपुरोहित को फोर्ब्स 30 अंडर 30 एशिया में जगह मिली

**बिज़नेस रेमेडीज/जयपुर।** जोधपुर जिले के छोटे से गांव घेवड़ा के खेत सिंह राजपुरोहित ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। खेत सिंह का नाम प्रतिष्ठित फोर्ब्स 30 अंडर 30 एशिया 2025 सूची में शामिल किया गया है। यह सम्मान उन्हें स्वास्थ्य और टेक्नोलॉजी क्षेत्र में उनके स्टार्टअप के जरिए नए आयाम स्थापित करने के लिए मिला है।

खेत सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि मेरे गांव, मेरे जोधपुर और मेरे देश का सम्मान है। मैंने हमेशा सपनों को सच्चाई में बदलने पर विश्वास किया है। खेत सिंह का जन्म घेवड़ा गांव में हुआ, लेकिन उनका बचपन पंजाब के लुधियाना शहर में बीता।

# शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 में रु.2,516.2 करोड़ के राजस्व का आंकड़ा पार किया

**बिज़नेस रेमेडीज/उदयपुर**

शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वित्त वर्ष के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन, दिनेश पाटीदार ने कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा - हमें यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा है, जिसमें सभी प्रमुख मानकों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। हमने अब तक का सर्वाधिक राजस्व रु.2,516.2 करोड़ दर्ज किया, जो वर्ष दर वर्ष 83.6 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जबकि शुद्ध लाभ में 188.2 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है और यह रु.408.4 करोड़ तक पहुंच गया। यह प्रभावशाली टॉपलाइन गोथ हमारे घरेलू और निर्यात दोनों व्यवसायों में शानदार प्रदर्शन के चलते संभव हुई है। साथ ही, ऑपरेशन में दक्षता पर हमारे निरंतर ध्यान ने लाभ और मार्जिन को भी सशक्त किया है। हम भविष्य के गर्भ में मौजूद व्यापक अवसरों को लेकर बेहद आशावादी हैं। भारत में सोलर पंप्स उद्योग तेजी से विकास कर रहा है, जिसे पीएम कुसुम योजना, महाराष्ट्र की माझे ट्याला सौर कृषि पंप योजना, और मध्य प्रदेश की प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्या योजना जैसी केंद्र और राज्य सरकारों की पहलों से प्रोत्साहन मिल रहा है। इसके अलावा, सोलर रूफटॉप सेक्टर भी एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में उभर रहा है, जिसमें पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना जैसी पहलें इस क्षेत्र की विकास संभावनाओं को और मजबूत कर रही हैं।

## चीन ने 2,000 से अधिक राष्ट्रीय सुरक्षा उत्पादन मानक स्थापित किए

**बिज़नेस रेमेडीज/ बीजिंग/ आईएएनएस।** हाल ही में, चीनी राष्ट्रीय बाजार पर्यवेक्षण और प्रबंधन महा ब्यूरो से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अब तक, चीन ने खनन, खतरनाक रसायनों और अग्नि सुरक्षा जैसे 10 प्रमुख क्षेत्रों में 2,000 से अधिक राष्ट्रीय मानकों को कवर करने वाली एक सुरक्षा उत्पादन मानक प्रणाली स्थापित की है, जो सुरक्षा स्तर में सुधार के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करती है। इस ब्यूरो ने तीन पहलुओं से राष्ट्रीय मानकों को तैयार करने व संशोधित करने के प्रयासों को बढ़ाया, जिनसे लोगों के सुरक्षा खतरों को खत्म करने में मदद मिली, व आपदा की रोकथाम, राहत के लिए रक्षा पंक्ति की स्थापना को बढ़ावा मिला।

# अंबुजा सीमेंट्स ने फार्म तालाब और बागवानी सहायता के साथ रूपसार में वर्ष भर खेती को संभव बनाया

**बिज़नेस रेमेडीज/नागौर**

विविधीकृत अदाणी पोर्टफोलियो की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी अंबुजा सीमेंट्स, जल-कुशल कृषि पद्धतियों के माध्यम से स्थायी ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने में लगी हुई है। राजस्थान के रूपासर के जल-संकटग्रस्त गाँव में कंपनी के नवीनतम सीएसआर हस्तक्षेप ने स्थानीय किसान जगदीशराम की खेती की यात्रा को बदल दिया है, जो लंबे समय से खेती के लिए पूरी तरह से मानसून की बारिश पर निर्भर थे।

अंबुजा सीमेंट्स की सीएसआर टीम के सहयोग से, जगदीशराम ने 2023 में एक खेत तालाब का निर्माण किया,




जिससे 12.4 लाख लीटर से अधिक पानी का भंडारण संभव हो सका। इससे उन्हें शुष्क मौसम के दौरान अतिरिक्त 8 बीघा भूमि की सिंचाई करने और पहली बार उच्च मूल्य वाली फसल जीरा उगाने का मौका मिला। अतिरिक्त फसल से उनकी आय में 1 लाख रुपये की वृद्धि हुई, जिससे उनकी कुल वार्षिक आय में लगभग 65 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि हुई।

इस सफलता से प्रेरित होकर उन्होंने अंबुजा सीमेंट्स की 'वाडी' पहल के तहत फलदार पेड़ भी लगाए और आने वाले वर्षों में बागवानी के माध्यम से 50,000 रुपये की वार्षिक आय की उम्मीद की।

यह पहल मारवाड़ मुंडवा क्षेत्र के ग्रामीण समुदायों में जलवायु लचीलापन और जल सुरक्षा के निर्माण के लिए अंबुजा सीमेंट्स की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जहां 130 से अधिक कृषि तालाबों और विस्तृत सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों ने किसानों को बहु-फसल अपनाने और उत्पादकता बढ़ाने में मदद की है। कुशल जल उपयोग और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देकर, कंपनी लोगों और ग्रह दोनों के लिए दीर्घकालिक मूल्य का सृजन करना जारी रखती है।

## सोने व चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिली

**बिज़नेस रेमेडीज/ नई दिल्ली/ आईएएनएस।** सोने और चांदी की कीमत में सोमवार को तेजी देखने को मिली। सोने की कीमत एक बार फिर से करीब 94,000 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी का दाम 96,000 रुपए प्रति किलो के आसपास पहुंच गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 1,484 रुपए बढ़कर 93,785 रुपए हो गया है, जो कि पहले 92,301 रुपए था।

**ईनाणी मार्बल्स एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड**
CIN : L14101RJ1994PLC008930
पंजीकृत कार्यालयः आराजी नं. 1312, उदयपुर–भीलवाड़ा हाइवे, माताजी की पाण्डोली के पास, चित्तौड़गढ़ (राज.) 312001
E-mail: inanimarble@gmail.com Tel No. 01472-240111

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली 2015 की नियमावली 29 एवं 47 के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक 28 मई, 2025 बुधवार को 3.00 p.m कंपनी के पंजीकृत कार्यालय आराजी न. 1312, उदयपुर–भीलवाड़ा हाइवे, माताजी की पाण्डोली के पास, चित्तौड़गढ़ (राज.) 312001 में 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही एवं वार्षिक के अंकेक्षित वितीय परिणामो एवं वितीय वर्ष 2024–25 के लिए लाभांश की अनुशंसा, यदि कोई हो तो पर विचार एवं अनुमोदन हेतु आयोजित की जाएगी। निवेशक कंपनी की वेब–साईट www.inanimarbles.com एवं स्टॉक एक्सेंज की वेब–साईट www.bseindia.com पर मंडल की बैठक का विवरण देख सकते है।

मंडल के आदेशानुसार
बास्तेः ईनाणी मार्बल्स एण्ड इण्ड़स्ट्रीज लिमिटेड
Sd/-
मधु बाला शर्मा
(कम्पनी सचिव)
स्थान– चित्तौड़गढ़
दिनांक 19.05.2025

# भारत का खाद्यान्न उत्पादन वित्त वर्ष 2025 में 6.8 प्रतिशत बढ़कर 1,663.9 लाख टन से अधिक रहा

**बिज़नेस रेमेडीज/ नई दिल्ली/आईएएनएस**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को घोषणा की कि भारत का खाद्यान्न उत्पादन 2024-25 में 106 लाख टन से अधिक बढ़कर 1,663.91 लाख टन हो गया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6.83 प्रतिशत अधिक है।

चौहान ने कॉन्फ्रेंस में कहा, कि 2023-24 में देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन करीब 1,557.6 लाख टन था। मुझे यह बताते हुए



खुशी हो रही है कि 2024-25 में यह 1,663.91 लाख टन हो गया है। उन्होंने कहा कि 2023-24 में रबी फसल का उत्पादन 1,600.06 लाख टन था, जो अब बढ़कर 1,645.27 लाख टन हो गया है।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनके मंत्रालय का लक्ष्य न केवल देश की खाद्यान्न आवश्यकताओं को पूरा करना है, बल्कि भारत को विश्व का खाद्यान्न भंडार बनाना भी है। चौहान ने नागपुर में आयोजित किसान सम्मेलन 'कृषि संवाद' में देश के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आय बढ़ाने के लिए 'एक राष्ट्र, एक कृषि और एक टीम' का नारा दिया। चौहान ने कहा कि 29 मई से 12 जून तक चलने वाले 15 दिवसीय अभियान के दौरान कृषि वैज्ञानिक गांवों में जाकर किसानों को टिकाऊ खेती के तरीकों के बारे में बताएंगे और खरीफ सीजन के लिए योजना बनाएंगे। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तहत 16,000 कृषि वैज्ञानिक, कृषि विस्तार अधिकारियों के साथ मिलकर गांवों का दौरा करेंगे और किसानों को नई बीज किस्मों और नई कृषि पद्धतियों के बारे में किसानों को शिक्षित करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि सरकार प्रयोगशालाओं और खेतों के बीच की खाई को पाटने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, राज्य कृषि मंत्रालय, आईसीएआर, कृषि विज्ञान केंद्र और सभी कृषि संस्थानों को एक टीम के रूप में मिलकर काम करना चाहिए।

**लहर फुटवियर्स लिमिटेड**
सीआईएनः L15209RJ1994PLC008196
पंजीकृत कार्यालयःए-243(ए), रोड नंबर 6, वी.के.आई.एरिया, जयपुर 302013,
फोनः0141-4157777, वेबसाइटः www.leharfootwear.com,
ई-मेलः csco@leharfootwear.com, info@leharfootwear.com

**31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए एकल अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण**
(ईपीएस के आंकड़ों को छोड़कर रुपए लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31.03.2025 अंकेक्षित | समाप्त तिमाही 31.03.2024 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2025 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2024 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालनों से कुल आय (अन्य आय सहित) | 10956.94 | 3846.79 | 27748.00 | 19483.34 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि), (कर, असाधारण और या असाधारण वस्तुओं से पहले) | 648.31 | 161.65 | 1444.4 | 890.2 |
| 3. | अवधि के लिए कर से पहले शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और या असाधारण वस्तुओं के बाद) | 648.31 | 161.65 | 1444.4 | 890.2 |
| 4. | अवधि के लिए कर के बाद शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और या असाधारण वस्तुओं के बाद) | 504.15 | 122.22 | 1086.9 | 655.81 |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए (कर पश्चात) समावेशित लाभ/(हानि) और अन्य समावेशित आय (कर पश्चात) | 466.8 | 123.3 | 1265.68 | 656.89 |
| 6. | समता अंश पूंजी | 1767.88 | 1767.88 | 1767.88 | 1767.88 |
| 7. | संरक्षित निधि (पुर्नमूल्यांकित संरक्षित निधि को छोड़कर) गत वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये गये अनुसार | | | 6703.76 | 5719.82 |
| 8. | आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रति )(नियमित एवं अनियमित संचालन के लिये) | | | | |
| | मूल | 2.85 | 0.75 | 6.15 | 4.02 |
| | तनुकृत | 2.85 | 0.75 | 6.15 | 4.02 |

टिप्पणियांः
क) उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दायर किए गए 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। त्रैमासिक और वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट यानी www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.leharfootwear.com पर उपलब्ध है और समान परिणाम क्यूआर कोड को स्कैन करके देखे जा सकते हैं।
बी) उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई और 19 मई 2025 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित की गई।
ग) # – असाधारण और/या असाधारण वस्तुओं को इंड-एएस नियमों/एएस नियमों, जो भी लागू हो, के अनुसार लाभ और हानि के विवरण में समायोजित किया गया है।

के लिए और लहर फुटवियर्स लिमिटेड के निदेशक मंडल की ओर से
कृते/-
नरेश कुमार अग्रवाल
(अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक)
DIN:00106649
स्थानः जयपुर
दिनांकः19/05/2025

# हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा डिजिटल ऑक्शन के माध्यम से ऑनलाइन मेटल खरीद के युग की शुरुआत

**बिज़नेस रेमेडीज**


हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड, अपने परिवर्तनकारी ऑनलाइन प्राइस डिस्कवरी, ओपीडी और डिजिटल प्राइसिंग ऑटोमेशन प्लेटफार्मों के माध्यम से मेटल खरीद के अनुभव को फिर से परिभाषित कर रहा है। अत्याधुनिक वेदांता मेटल बाजार में एकीकृत, इन अग्रणी डिजिटल पहलों का उद्देश्य मेटल खरीद की पारंपरिक रूप से जटिल दुनिया में बीटूसी ई-कॉमर्स का सहज, पारदर्शी अनुभव प्रदान करना है।

हिन्दुस्तान ज़िंक अपने ज़िंक, लेड और सिल्वर पोर्टफोलियो का 100 प्रतिशत अब वास्तविक समय, पारदर्शी ऑनलाइन ऑक्शन के माध्यम से उपलब्ध कराकर, कमोडिटी की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच भी ग्राहकों को सहज अनुभव प्रदान करते हुए अनूठी पहुंच, मजबूती और नियंत्रण से नया उद्योग मानक स्थापित कर रहा है। हिन्दुस्तान ज़िंक के सभी



उत्पाद अब ऑनलाइन ऑक्शन के माध्यम से उपलब्ध हैं। गतिशील मूल्य निर्धारण मॉडल वास्तविक समय के डिजिटल लेनदेन को सक्षम बनाता है, जिससे सभी आकार के व्यवसायों एमएसएमई से लेकर बड़े औद्योगिक उद्यमों तक को प्रीमियम-गुणवत्ता वाले जिंक और लेड के लिए बाजार-संचालित कीमतों की जानकारी दे रहा है। कंपनी की पेशकश में लंदन मेटल एक्सचेंज (एलएमई)-पंजीकृत विश्व स्तरीय उत्पाद जैसे स्पेशल हाई-ग्रेड ज़िंक, हाई-ग्रेड ज़िंक, एशिया का पहला लो-कार्बन ग्रीन ज़िंक इकोजेन, प्राइम वेस्टर्न (पीडब्लू) ज़िंक, कंटीन्यूअस गैल्वनाइजिंग ग्रेड (सीजीजी) ज़िंक, स्पेशल हाई-ग्रेड जंबो ज़िंक, हाई-ग्रेड जंबो ज़िंक, हिन्दुस्तान ज़िंक डाई कास्टिंग अलॉय 3 और 5, स्पेशल हाई-ग्रेड लेड, साथ ही लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन -पंजीकृत 30 किग्रा और 1 किग्रा सिल्वर बार और सिल्वर पाउडर, अन्य वैरिएंट शामिल हैं। पूरी तरह से एकीकृत खदान से धातु उत्पादक के रूप में, हिन्दुस्तान ज़िंक एक विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करता है, जो वैश्विक बाजारों में महत्वपूर्ण मेटल्स की निर्बाध डिलीवरी की गारंटी देता है। ज़िंक गैल्वनाइजेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, स्टील को जंग से बचाता है, जिससे यह इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोटिव, रिन्यूएबल एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक्स, हाई-टेक मैन्यूफेक्चरिंग, रक्षा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे उद्योगों के लिए अपरिहार्य है। ऑटोमोटिव बैटरी, रक्षा, कंसट्रक्शन, पिगमेंट, केबल शीथिंग और रेडिएशन प्रोटेक्शन में उपयोग के लिए लेड आवश्यक है। इस बीच, औद्योगिकीकरण ने चांदी को हाई एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नैनो टेक्नोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका में ला दिया है। परंपरागत रूप से, ज़िंक और लेड की खरीद में लगातार मूल्य की जानकारी, मैन्युअल फाइनेन्शियल रिकन्साइलेशन और लॉजिस्टिक समस्याएं शामिल थीं, जो अक्सर जियोपॉलिटिकल व्यवधानों और सप्लाई चैन बाधाओं से प्रभावित होती थीं।

**शंकर लाल रामपाल डाई-केम लिमिटेड**
**31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए एकल अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण**
(ईपीएस को छोड़कर रुपये लाखों में)




| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31.03.2025 | समाप्त तिमाही 31.12.2024 | समाप्त तिमाही 31.03.2024 | समाप्त वित्त वर्ष 31.03.2025 | समाप्त वित्त वर्ष 31.03.2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 10674.76 | 10189.20 | 7704.98 | 40178.52 | 28799.29 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(कर, असामान्य तथा असाधारण मदों से पूर्व) | 352.92 | 386.61 | 250.57 | 1542.94 | 894.50 |
| 3. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) करों से पूर्व (असामान्य तथा /या असाधारण मदों के पश्चात) | 352.92 | 386.61 | 250.57 | 1542.94 | 894.50 |
| 4. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (करों से पश्चात) असामान्य तथा /या असाधारण मदों के पश्चात) | 251.56 | 286.31 | 174.93 | 1139.24 | 649.70 |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आमदनी (अवधि के लिए (कर पश्चात) मुनाफा/(हानि) तथा अन्य व्यापक आमदनी (कर पश्चात) | 251.56 | 286.31 | 174.93 | 1139.24 | 649.70 |
| 6. | पेडअप इक्विटी शेयर पूंजी | 6396.68 | 6396.68 | 6396.68 | 6396.68 | 6396.68 |
| 7. | पुनर्मुल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व जैसा कि गत वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाया गया | - | - | - | 4564.55 | 3457.33 |
| 8. | प्रति शेयर आय (वार्षिक नहीं) ( 10/- रु. प्रत्येक) असाधारण वस्तुओं से पहले और असाधारण वस्तुओं के बाद (आधारभूत और तनुकृत समायोजित) | 0.39 | 0.45 | 0.27 | 1.78 | 1.02 |

टिप्पणियाँ:
1. 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए उपरोक्त एकल वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट समिति द्वारा की गई और उसके बाद 19 मई, 2025 को आयोजित उनकी संबंधित बैठकों में कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया।
2. यह विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 (आईएनडी एएस) और लागू सीमा तक अन्य भारतीय आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन प्रथाओं और नीतियों के अनुसार तैयार किया गया है।
3. उपरोक्त तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणाम सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर किए गए वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com, www.nseindia.com पर और कंपनी की वेबसाइट www.srdyechem.com पर उपलब्ध है।
4. पिछली अवधि के आंकड़ों को वर्तमान अवधि की प्रस्तुति के साथ पुष्टि करने के लिए, जहां भी आवश्यक हो, पुनः समूहीकृत/पुनः वर्गीकृत/पुनः प्रस्तुत किया गया है।

निदेशक मंडल के लिए और उसके आदेश से
कृते/-
रामपाल ईनानी
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन-00480021
स्थानः भीलवाड़ा (राजस्थान)
दिनांकः 19.05.2025

*****

पंजीकृत कार्यालय का पताः एस.जी. 2730, सुवाना, भीलवाड़ा-311011 (राजस्थान)
CIN: - L24114RJ2005PLC021340, फ़ोनः +91-1482-220062, ईमेलः info@srdyechem.com, वेबसाइटः www.srdyechem.com

